-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 24.01.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस लाइऩ में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह रैतिक परेड का हुआ फुल ड्रेस रिहर्सल । पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा परेड का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश ।**
- **26 जनवरी 2025 को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस समारोह । पुलिस लाइन बांदा में रैतिक परेड का किया जायेगा आयोजन ।**

विवरण- विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पुलिस लाइऩ बांदा में भव्य गणतंत्र दिवस परेड का आयोजन किया जायेगा जिसकी पुलिस लाइन में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं । आज दिनांक 24.01.2025 को पुलिस लाइन में रैतिक परेड का पूर्वाभ्यास किया गया जिसमें फुल ड्रेस रिहर्सल की गई । पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा गणतंत्र दिवस परेड की तैयारियों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । गौरतलब हो कि दिनांक 26.01.2025 को भारत अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है । इस अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पुलिस लाइन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें रैतिक परेड के साथ-साथ स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा । कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में प्रातः 08.30 बजे से प्रारम्भ होगा तथा समयं 09.30 बजे मुख्य अतिथि मा0 जल शक्ति राज्य मंत्री उ0प्र0 श्री रामकेश निषाद द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा ।